वोट डालने जाना है |
अपना फर्ज निभाना है ||

सत्य की उडान

# अलग पहचान

SWEEP

रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

रांची, गुरु वार 09 मई 2024, वर्ष 10, अंक 125 | E-mail id alagpahchan@gmail.com | Web - www.alagpahchan.com | पृष्ठ 12, मूल्य 2/ रुपया

## सैम पित्रोदा के 'रंगभेद' वाले बयान पर भड़के प्रधानमंत्री मोदी, कहा- देशवासियों को गाली दी गई

**तेलंगाना** के करीमनगर । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कल देश ने सफलतापूर्वक तीसरे चरण का चुनाव पूरा किया। इस महत्वपूर्ण चरण में, कांग्रेस और इंडी गठबंधन को एक और झटका लगा, क्योंकि तीसरा फ्यूज उड़ गया। अभी चार चरण के चुनाव बाकी हैं, लोगों के भारी समर्थन से



उत्साहित होकर भाजपा और एनडीए बहुमत हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन की पहचान है। एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के बावजूद वे एक ही सिंडिकेट का हिस्सा हैं। याद कीजिए जब बीआरएस ने कांग्रेस पर 'वोट के लिए नकद' का आरोप लगाया था? जब बीआरएस सत्ता में थी तो क्या कोई जांच हुई? इसी तरह कांग्रेस ने बीआरएस पर कालेश्वरम घोटाले का आरोप लगाया। इतने लंबे समय तक तेलंगाना की सत्ता में रहने के बावजूद क्या कांग्रेस ने इसकी कोई जांच कराई है? यह स्पष्ट है: दोनों एक ही भ्रष्टाचार सिंडिकेट में शामिल हैं।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस की तुष्टीकरण नीतियों की सबसे अधिक कीमत एससी, एसटी और बीसी समुदायों को भुगतनी पड़ती है। एक बार फिर कांग्रेस इन समुदायों के खिलाफ साजिश रच रही है, उनका लक्ष्य उनके आरक्षण अधिकार को छीनना है। डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर ने हमें आरक्षण का अधिकार दिया और हमारा संविधान धर्म-आधारित आरक्षण का विरोध करता है। हालांकि, कांग्रेस अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए एससी, एसटी और बीसी समुदायों से आरक्षण छीनना चाहती है। उन्होंने कहा कि कल ही, इंडी गठबंधन के एक प्रमुख व्यक्ति ने खुले तौर पर मुसलमानों के लिए पूर्ण आरक्षण की वकालत की, जिसका उद्देश्य एससी, एसटी और बीसी समुदायों से वर्तमान आरक्षण लाभ छीनकर मुसलमानों को देना था। यही कारण है कि वे मडिगा समुदाय को भी अधिकार देने का विरोध करते हैं।


भाजपा और विपक्षी दलों के बीच तुलना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा ने हमेशा सबसे ऊपर राष्ट्र प्रथम को प्राथमिकता दी है। हालांकि, तेलंगाना में कांग्रेस और बीआरएस दोनों पहले अपने-अपने परिवारों को प्राथमिकता देते हैं। कांग्रेस और बीआरएस के बीच अंतर करना बहुत कठिन है। कांग्रेस-बीआरएस गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की राजनीति का पर्याय है। यह जरूरी है कि हम तेलंगाना को इस विनाशकारी गठबंधन से बचाने के लिए एकजुट हों।

कांग्रेस के दोहरे चरित्र पर तीखा हमला बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सवाल किया कि महज पांच साल पहले वे अंबानी और अडानी के प्रति आसक्त थे। हालांकि, रातों-रात उनका नजरिया बदल गया है और अब वे उनके बारे में चुप रहते हैं। उन्होंने सवाल किया, "इस अचानक बदलाव के पीछे क्या कारण हो सकता है? यह पाखंड कहां तक जाएगा? उन्हें अडानी, अंबानी से कितना काला धन मिला है?"

प्रधानमंत्री मोदी ने एक राज्य के रूप में तेलंगाना की क्षमता को रेखांकित किया और कहा, "तेलंगाना, संस्कृति और आस्था से समृद्ध राज्य, ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए सामग्री का योगदान दिया, जिससे इसकी सुंदरता बढ़ गई। आज देशभर से लोग श्री रामलला की एक झलक पाने के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। हालांकि, कांग्रेस पार्टी के इरादे कुछ और हैं। कांग्रेस राजपरिवार के एक पूर्व सलाहकार ने खुलासा किया कि कांग्रेस के शहजादे अदालत के फैसले को चुनौती देकर राम मंदिर के निर्माण को रोकने की योजना बना रहे थे। एक मीटिंग में उन्होंने खुलासा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो कोर्ट के फैसले को पलट देगी और राम मंदिर पर ताला लगा देगी।

## पांच साल बाद दिल्ली में नजर नहीं आएंगी डीजल की बसें: नितिन गडकरी

**संवाददाता**, नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन



गडकरी ने कहा कि ने कहा कि पांच साल बाद दिल्ली में डीजल की बसें नजर नहीं आएंगी। यहां पर सभी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। डीजल बसों की तुलना में इलेक्ट्रिक बसों में किराया भी 30 प्रतिशत कम होगा।केंद्रीय मंत्री बुधवार को दक्षिणी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी के समर्थन में जैतपुर स्थित लव कुश चौक पर आयोजित जनसभा मैं बोल रहे थे। यहां पर उन्होंने जनता से रामवीर सिंह बिधूड़ी को ज्यादा से ज्यादा वोटों से जीताने की अपील की।

नितिन गडकरी ने कहा कि यह भाजपा सरकार और जनता के वोटों की ताकत है कि दिल्ली की चारों तरफ से बेहतर कनेक्टिविटी है। दिल्ली को जयपुर, देहरादून, मुंबई सहित अन्य शहरों से सीधे तौर पर जोड़ने के लिए एक्सप्रेस वे बनाएं जा रहें हैं।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे को अक्टूबर माह तक शुरू कर दिया जाएगा। इससे दिल्ली की जनता को जाम से भी राहत मिलेगी और वह अपनी गाड़ी से मात्र 12 घंटे में दिल्ली से मुंबई जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि रामवीर सिंह बिधूड़ी की जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी गारंटी है कि क्षेत्र के विकास के लिए बेहतर काम किए जाएंगे।

दिल्ली के लोगों को फ्लाइट से देहरादून जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अपने वाहन से मात्र दो घंटे में देहरादून पहुंच जाएंगे।इसके अलावा दिल्ली से जयपुर जाने के लिए भी नए हाईवे का निर्माण किया जा रहा है। अभी तक जयपुर जाने में पांच घंटे का समय लगता है, लेकिन जब यह हाईवे तैयार हो जाएगा तो दो घंटे में जयपुर पहुंच जाएंगे।

**रांची,**:वरीय पुलिस अधीक्षक,राँची के कार्यालय कक्ष में लोकसभा चुनाव 2024 के चतुर्थ चरण (13/05/24) के मद्देनज़र राँची के अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र तमाड व माँडर विधानसभा क्षेत्र




में स्वतंत्र, निष्पक्ष, एवं शांतिपूर्ण चुनाव कराने हेतु अर्धसैनिक बल (SSB,CRP) व झारखंड जगुआर के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया जिसमे फोर्स का मूवमेंट,रूट सैनिटाइजेशन, बूथ सैनिटाइजेशन,एरिया डोमिनेशन, डीमाइनिंग, क्लस्टर में ठहरने हेतु आधारभूत सुविधाओं इत्यादि विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया । बैठक में पुलिस अधीक्षक ,ग्रामीण के द्वारा प्रेजेंटेशन,एवं मैप के जरिये आवश्यक बिंदुओं को रेखांकित किया गया। बैठक समापन के उपरांत वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची के द्वारा अर्धसैनिक बल के सभी पदाधिकारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## जाति, धर्म और अब रंग के आधार पर भारत को बांटती है कांग्रेस: अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी के मेंटर द्वारा भारतीयों को चीनी, अफ्रीकन, अरब और अंग्रेज कहना बेहद शर्मनाक और अपमानजनक है। इससे एक बार फिर स्पष्ट होता है की कांग्रेस ने कभी पूरे भारत को एक नहीं माना बल्कि हमेशा टुकड़ों में देखा है। जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने की कोशिश के बाद अब कांग्रेस भारतीयों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर बांटना चाह रही है। कभी जातिवाद, कभी क्षेत्रवाद, कभी धार्मिक आधार पर भेद-भाव, कभी उत्तर-दक्षिण में बंटवारा और अब भारत के निवासियों में रंगभेद...आख़िर कांग्रेस भारत को बांटने की राजनीति क्यों करती है? इन घिनौनी साज़िशों से कांग्रेस क्या हासिल करना चाहती है?



अनुराग ठाकुर ने बुधवार को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में चुनावी दौरे के बीच मीडिया कर्मियों से वार्तालाप के दौरान कहीं। अनुराग ठाकुर ने आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ ज़िला बिलासपुर में विशाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने पूछा कि आखिर राहुल गांधी के गाइड सैम पित्रोदा कब तक भारतीयों का यूं ही अपमान करते रहेंगे। कभी आप भारतीयों की संपत्ति हड़प कर अपने वोट बैंक को देने की बात करते हैं तो कभी भारतीयों की तुलना चीनियों और अफ्रीकियों से करते हैं। यह कैसी मानसिकता है?

अनुराग ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ चली है। मोदी जी ने अपने विकास की योजनाओं में कभी नहीं पूछा कि कौन हिंदू है, कौन मुसलमान है, कौन सिख है और कौन ईसाई है। सभी को समान रूप से विकास का लाभ मिला है। हमारी सरकार में तो सिर्फ वंचित वरीयता में थे। मगर कांग्रेसी धर्म के आधार पर मुसलमान को एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर देने पर तुले हैं। लेकिन जब तक भारतीय जनता पार्टी है तब तक हम कांग्रेस को हमारे एससी, एसटी और ओबीसी भाइयों का हक छीन कर मुसलमानो को नहीं देने देंगे। हमें धर्म के आधार पर आरक्षण कभी भी स्वीकार नहीं है। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस द्वारा फैलाया जा रहा भ्रम बिल्कुल निराधार और बेबुनियाद है। कांग्रेस जहां-जहां राज्य सरकार बनाती है, वहां एससी-एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर अपने वोट बैंक को देती है। कांग्रेस ने देश में इमरजेंसी लगाई। उन्होंने जहां अब तक सबसे ज्यादा 62 बार संविधान संशोधन किए हैं, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने एससी-एसटी और ओबीसी के सशक्तिकरण के एक नए युग की शुरुआत की है। हमने ओबीसी कमिशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारी सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। हमारे लिए एक और स्पष्ट बात यह भी है कि हम धर्म के आधार पर मुसलमानों के आरक्षण के सख्त खिलाफ हैं। कांग्रेस आज चुनाव से भागती नजर आ रही है। उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे।"

## प्रियंका के व्यवहार ने दिला दी इंदिरा गांधी की याद, महिलाओं ने कहा ,अपनी दादी की तरह हैं

**रायबरेली।** वर्ष 2019 के चुनाव के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा महराजगंज पहुंची तो उनका काफिला जिधर से गुजरा महिलाओं, बच्चे व बुजुर्ग उनके स्वागत में खड़े दिखे। उनके भाषण के दौरान लोग एक-एक शब्द सुनते रहे। महराजगंज (रायबरेली)। वर्ष 2019 के चुनाव के बाद प्रियंका गांधी वाड्रा महराजगंज पहुंची तो उनका काफिला जिधर से गुजरा महिलाओं, बच्चे व बुजुर्ग उनके स्वागत में खड़े दिखे। उनके भाषण के दौरान लोग एक-एक शब्द सुनते रहे।प्रियंका के



भाषण के दौरान बछरावां मार्ग से आती एंबुलेंस को प्रियंका ने लोगों से रास्ता देकर निकालने को भी कहा। कस्बे में कहा कि राहुल जीतेंगे तो रायबरेली को भैया भी मिलेंगे और बहन भी मिलेगी।

कस्बे से करीब दो किलोमीटर पर जीयापुर ग्राम में हैदरगढ़ मार्ग के किनारे दर्जनों महिलाएं व बच्चे फूल माला लेकर उनके स्वागत में दिखे। प्रियंका की नजर पड़ी तो उन्होंने तत्काल गाड़ी रुकवाई। महिलाओं के पास जाकर बुजुर्ग महिला दयावती से पूछा अम्मा क्या हाल चाल है ? जवाब आया बिटिया सब ठीक है, बरसात में गांव में पानी भरने की समस्या बताई। प्रियंका गांधी ने उनकी समस्या को गंभीरता से सुनी और निस्तारण कराने की बात कही।

सभी महिलाओं को अम्मा, चाची, भैया, बहन कहकर राहुल गांधी के लिए वोट मांगे। जियापुर की रामरती ने कहा, प्रियंका गांधी तो अपनी दादी की तरह हैं, हम लोगन का देख के तुरंत गाड़ी रोकिन।कुसुड़ी सागरपुर में प्रियंका की नजर मंच के पास खड़ी किशोरी जीतू पर पड़ी। वह अचानक रुकीं। जीतू से हाल चाल पूछा। उनकी पढ़ाई के हाल जाने। कुछ देर तक जीतू के कान में भी बात करती रही। जीतू ने बताया कि मुझे विश्वास नहीं था कि प्रियंका गांधी मुझसे इतने नजदीक से बात करेंगी।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है

नई दिल्ली।कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कुछ ऐसा कह दिया था, जिसे लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा था कि देश के पूर्वी हिस्से के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं।



बढता विवाद को देखते हुए सैम पित्रोदा ने इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा मंजूर भी कर लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा,' सैम पित्रोदा ने अपनी मर्जी से इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।'

इससे पहले कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कुछ ऐसा कह दिया था, जिसे लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा था कि देश के पूर्वी हिस्से के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं। हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं। हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं।

पित्रोदा के बयान से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि सैम पित्रोदा की ओर से भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह गलत और अस्वीकार्य हैं।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा की सोनिया गांधी को सच बोलने की नसीहत, बोले- जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएगी कांग्रेस

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता।बुधवार को अकबरपुर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार



के लिए निकलने से पूर्व, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है।उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' को चरितार्थ करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह हर व्यक्ति जानता है बांटों और राज करो की नीति कांग्रेस को विरासत में प्राप्त हुई है। अंग्रेजों की कुटिल चाल को 1947 में कांग्रेस ने सफल होने दिया और देश का बंटवारा किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद राजनीतिक स्वार्थ के कारण जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर देश के अंदर वर्ग संघर्ष को कांग्रेस ने बढावा दिया। आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद, यह सब कांग्रेस की ही देन है। मुख्यमंत्री योगी ने सवालिया अंदाज में कहा कि यूपीए चेयरपर्सन के रूप में सोनिया गांधी ने 2004 से लेकर 2014 के बीच में क्या किया, यह कौन नहीं जानता। उस समय क्या यह सच नहीं कि ओबीसी के आरक्षण पर सेंधमारी लगाने के लिए जस्टिस रंगनाथ मिश्रा की कमेटी इन्होंने गठित की थी और कमेटी ने संस्तुति की थी कि ओबीसी के आरक्षण में से 6 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों को दे दिया जाय।

भाजपा और एनडीए ने उसे समय विरोध किया था और कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए। यही नहीं, एससी-एसटी के अधिकारों पर भी कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने घुसपैठ करने का प्रयास किया था। सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमानों की कुछ जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने का प्रयास भी कांग्रेस सरकार के समय में हुआ था। पर, एनडीए और बीजेपी के विरोध से कांग्रेस के मंसूबे पूरे नहीं हो पाए।सीएम योगी ने कहा कश्मीर में धारा 370 कांग्रेस ने लगाई थी। ओबीसी के आरक्षण में से कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में सेंध लगाने का कार्य कांग्रेस ने किया, यह ओबीसी के अधिकारों का पूरी तरह हनन है। देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है, यह भारत की सनातन आस्था पर प्रहार तो है ही, समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है। कांग्रेस की मंशा भारत की जनता कभी पूरा नहीं होने देगी क्योंकि विभाजनकारी राजनीति किसी के हित में नहीं है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर प्रहार जारी रखते हुए कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र ही विभाजनकारी है। यह भारत को वर्ग संघर्ष की ओर ले जाने वाला है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के अधिकारों में सेंध लगाने वाला है। पर कांग्रेस के इन मंसूबों को देश की जनता पूरा नहीं होने देगी।मुख्यमंत्री योगी कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए पूरा देश मोदी जी के नेतृत्व में कार्य करने के लिए आज एकजुट दिखाई दे रहा है। विकसित भारत के लिए पूरे देश की जनता मोदी जी के नेतृत्व में संकल्पित होकर भाजपा और एनडीए को अपना समर्थन दे रही है।इन स्थितियों में अब कांग्रेस की दाल नहीं गलने वाली है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों की 4D कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग।

- जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से इवीएम का आवागमन करने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर
- मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान कर ससमय करें मतदान कार्य से मुक्त





**राँची।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदान केंद्रों पर 4D कैमरा के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से मानिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मानिटरिंग की जाएगी। उक्त बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वह बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग,जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट हेतु गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉनफ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें। उन्होंने कहा कि वाहनों के प्रबंधन में इस बात का ध्यान रखें कि निर्वाचन के दिन पब्लिक ट्रांसपोर्ट भी सुगमता से बहाल रहे। उन्होंने चालकों की खुराकी, पेट्रोल पम्प मालिकों को एडवांस पेमेंट, वाहन मालिकों को एडवांस पेमेंट आदि विषयों पर जिलों में किये जा रहे कार्य को लेकर वाहन प्रबंधन की समीक्षा की। साथ ही इन सब का वीएमएस पोर्टल पर संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान के लिए विभिन्न मतदान केंद्रों पर इवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने एवं संधारण गृह में इवीएम के संधारण के उपरांत ही जीपीएस को हटाने का निर्देश दिया।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित मुख्यालय एवं जिला स्तर पर गठित वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# पीजी वाणिज्य विभाग की स्थिति दयनीय कुंभकरण की नींद सो रहा विश्वविद्यालय।

**पीजी वाणिज्य विभाग के नए भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो अन्यथा विश्वविद्यालय मे आजसू करेगी आंदोलन। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति की मनमानी नहीं चलने देंगे: अभिषेक शुक्ला।**



**रांची:** बुधवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें पीजी वाणिज्य विभाग की समस्याओं से अवगत कराया।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को मांग पत्र सौंपते हुए कहा की मोरहाबादी इस्थित पीजी वाणिज्य विभाग की इस्थिति दयनीय है यहां कभी भी कोई भी दुर्घटना घट सकती है, बरसात के मौसम मे इस भवन की स्थिति और भयावह हो जाती है, गुठने तक पानी में छात्र छात्र-छात्राएं और टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ इस बिल्डिंग में बैठकर काम करने का मजबूर होते हैं पिछले 2 सालों में लगभग कई लाख के विद्युत उपकरण खराब हो चुके हैं, परंतु विश्वविद्यालय प्रशासन एवम विश्वविद्यालय के कुलपति का इसपर कोई ध्यान नहीं है, वह सिर्फ अपनी मनमानी मे व्यस्त है।

अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा की रांची विश्वविद्यालय को भवन निर्माण के लिए लगभग 6 करोड़ 65 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई, मोरहाबादी इस्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज मे भवन निर्माण के लिए जगह भी भी उपलब्ध है परंतु फिर भी विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी निद्रा में मस्त है।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के वरीय उपाध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा की कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का छात्र छात्रों के प्रति उदासीन रवैया छात्र आजसू बर्दाश्त नहीं करेगी अगर जल्द ही पीजी विभाग के नए भवन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तो छात्र (आजसू )वाणिज्य विभाग एवं रांची विश्वविद्यालय के प्रसाणिक भवन में तालाबंदी करेगी।

मौके पर मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया की जल्द ही वाणिज्य विभाग के भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

प्रतिनिधि मंडल मे मुख्य रूप से: मनजीत, राहुल, विशाल कुमार यादव, सुमित कुमार, रूपेश कुमार के अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

# जांच एजेंसी मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल को लेकर प्रोजेक्ट भवन पहुंची इस दौरान दराज से 1.75 लाख रुपये मिले।




**रांची।** राज्य बनने के बाद पहली बार कोई जांच एजेंसी सरकार के एक बडे मंत्रालय में जांच के लिए पहुंची। दिन के करीब 12.30 बजे प्रोजेक्ट भवन में उस समय अफरा-तफरी मची जब कर्मियों को यह पता चला कि इडी के अधिकारी पहुंचे हैं। बुधवार को इडी के अधिकारी ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के ओएसडी संजीव लाल को लेकर पहुंची थी। प्रोजेक्ट भवन में मंत्री का कार्यालय एपीपी बिल्डिंग में ओएसडी का। ओएसडी के ड्रावर से दो लाख रुपये नगद मिले हैं। इडी के अधिकारी वैसी फाइलों की तलाश कर रहे थे जिसमें कमीशन लेकर ठेका आवंटित किया गया था। कुछ फाइल की फोटो कॉपी अधिकारी अपने पास इडी के अधिकारी रख रहे थे। न्यायालय में ओएसडी संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम से पूछताछ के लिए छह दिन की रिमांड दिया है। पहले ही दिन यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि कमीशन का हिस्सा किन-किन नेता और अधिकारियों के पास पहुंचता है। हाथ से लिखे कुछ कागज भी इडी को मिले हैं।

**तीन माह में वसूली गयी थी रकम**

इडी ने जहांगीर आलम के यहां से छापामारी कर करीब 32 करोड रुपये बरामद किया था। यह रकम महज तीन माह में वसूली गयी थी। यह दावा ईडी के अधिकारियों ने ही किया है। साथ गाडीखाना स्थित सैय्यद रेजिडेंसी में जो फ्लैट जहांगीर आलम के नाम से लिया गया था वह सिर्फ नोट रखने के लिए ही था।

ईडी के अधिकारियों को एक गुमनाम पत्र मिला था। जिसमें इस बात की चर्चा थी कि ग्रामीण विकास में कमीशन का खेल किस तरह से चल रहा है। उस पत्र में ओएसडी संजीव लाल का नाम था। अधिकारी जांच करने की स्थिति में नहीं थे। कोई आधार हाथ में नहीं था। इसी बीच इसी विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के बयान और कमीशन, लेनेदेने के कबूलनामे को आधार बनाकर जांच शुरू कर दी गयी। फोकस संजीव लाल पर था। उनके घर की निगरानी रखी जा रही थी। वहीं इडी के अधिकारियों को पता चला था कि जहांगीर नाम का नौकर सब कुछ जानता है। फिर जहांगीर की तलाश शुरू हुई। इस सब में सात से आठ माह लग गये, लेकिन कुछ हाथ नहीं लग रहा था। एक दिन ईडी के एक अधिकारी ने देखा कि स्कूटी पर एक व्यक्ति संजीव लाल के घर से निकला। उसके पास एक एयरबैग था। उसका पीछा किया गया। वह गाडीखाना स्थित फ्लैट में गया और बैग रखकर लौट आया। अब निगरानी जहांगीर की होने लगी। ईडी के अधिकारियों को उस समय शक हुआ जब वह लगातार बैग लेकर जाता था और वापस खाली हाथ लौट आता था। इसके बाद ईडी ने छापा मारा।

ग्रामीण विकास विभाग के ठेका में अधिकारी संजीव लाल कमीशन वसूलने का काम करता था। जहांगीर तो केयर टेकर था। अधिकारी अब यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि यह राशि किसके लिए वसूल की जाती थी। कम से कम हर ठेका पर 15 प्रतिशत की वसूली थी। इन दोनों से कमीशन किसको मिलता था यह उगलवाने की कोशिश करेगी।

# झारखंड में तीन दिनों से ED का ताबड़तोड़ एक्शन



**रांची।** टेंडर कमीशन से करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने वाले मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल व उसके नौकर जहांगीर आलम को ईडी ने बुधवार से छह दिनों की रिमांड पर लिया है। ईडी की टीम दोनों को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से लेकर ईडी कार्यालय पहुंची।ईडी कार्यालय से संजीव लाल को लेकर अधिकारियों की टीम झारखंड मंत्रालय के दूसरे तल्ले पर स्थित ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के कोषांग में पहुंची। यहां संजीव लाल के कार्यालय में ईडी ने तलाशी ली। संजीव लाल के सामने उनके टेबल, आलमारी के दराज खंगाले गए। ईडी को एक लाख 75 हजार रुपये के नए नोट व 28 हजार रुपये के पुराने 500 के नोट मिले हैं। ईडी ने मौके से कुछ प्रमुख फाइलें जब्त की हैं, जिसकी छानबीन होगी। ये फाइलें टेंडर कमीशन, ट्रांसफर-पोस्टिंग आदि से संबंधित बताई जा रही है।ईडी ने निजी सचिव संजीव लाल की पत्नी रीता लाल को समन कर नौ मई को ईडी के रांची एयरपोर्ट रोड स्थित कार्यालय में बुलाया है, जहां उनसे पूछताछ होगी। ईडी उनसे उनके पति के इस कृत्य के बारे में जानकारी लेगी और यह भी जानने की कोशिश करेगी कि उनके घर पर किसका-किसका आना था। रुपये कहां से आते थे, कौन लाता था, रुपयों के बारे में संजीव लाल ने अपनी पत्नी को क्या-क्या जानकारी दी थी।

# 10 हजार दफादार-चौकीदारों के वेतन के लिए 129.68 करोड आवंटित

**रांची।** ग्रामीण इलाकों की हर गतिविधियों से पुलिस को अपडेट रखने वाले चौकीदार. दफादारों के वेतन के लिए राशि आवंटित किया गया है। गृह कारा विभाग द्वारा चौकीदार और दफादारों के वेतन के वित्तीय वर्ष 2024-25 में 129.68 करोड की राशि आवंटित की गयी है। झारखंड में 10 हजार चौकीदारों और 200 दफादार हैं। हर एक चौकीदार एक थाना के तहत 10 गांवों की निगरानी करता है। प्रत्येक चौकीदार को 20 हजार रुपये का वेतन मिलता है।

## पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने अब दिल्ली हाई कोर्ट का रूख किया है



**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने अब दिल्ली हाई कोर्ट का रूख किया है और अदालत से गुहार लगाई है कि उनकी दोषसिद्धि पर रोक लगाई जाये वरना हो चुनाव लड़ने से चूक जाएंगे। मधु कोड़ा कोयला घोटाले में आरोपी हैं और वो चुनाव लड़ने के लिये इस केस में अपनी दोषसिद्धि पर स्टे हासिल करने के लिये अदालत पहुंचे हैं। अपनी याचिका में मधु कोड़ा ने कहा है, 'झारखंड में नवंबर, 2024 में विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। याचिकाकर्ता पहले मुख्यमंत्री, MP और कई बार विधायक रह चुके हैं। अगर उनके दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाया जाता है तो वो ये चुनाव लड़ने से चूक जाएंगे।'

बुधवार को इस याचिका पर सुनवाई के दौरान सीबीआई ने मधु कोड़ा की याचिका का विरोध किया। सीबीआई ने इससे पहले वजह के साथ इसी तरह की याचिका को रद्द कर दिया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले में नोटिस जारी किया और मामले को अगली सुनवाई के लिये 13 अगस्त, 2024 को सूचीबद्ध कर दिया गया। इससे पहले दिल्ली की अदालत ने भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों की धाराओं में साल 2017 में दोषी करार दिया था। उन्हें तीन साल जेल की सजा सुनाई गई थी और 5 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था।

# सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जाँच दल के साथ बैठक*

## व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने की बैठक



**राँची:**लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित व्यय प्रेक्षक श्री विरेन्द्र कुमार सिंह ने आज दिनांक 08 मई 2024 को सहायक व्यय प्रेक्षकों एवं लेखा जाँच दल के साथ बैठक की। मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथिशाला सभागार में आयोजित बैठक में व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी सहायक व्यय प्रेक्षक परमिशन लेटर के अनुरूप यथाशीघ्र जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक विरेन्द्र कुमार सिंह ने वीएसटी से नियमित तौर पर रिपोर्ट/अपडेट लेने और शैडो रजिस्टर के रखरखाव एवं संधारण में नियमितता बरतने के निदेश दिये। उन्होंने कहा कि वीएसटी, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी एवं अन्य कर्मियों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते हुए सभी कार्यों का निष्पादन सफलता पूर्वक करें।

# डी मुहिम : देश-दुनिया में ट्रेंड किया सोशल मीडिया अभियान "मैं भी इलेक्शन एम्बेसडर"*

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर पूरे राज्य भर में मंगलवार शाम चलाया गया 2 घंटे का हैशटैग अभियान

अभियान में मुख्यालय से लेकर राज्य के प्रत्येक पोलिंग बूथ तक लाखों लोगों की रही सहभागिता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार के निर्देश पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार शाम 6:00 बजे से लेकर 8:00 बजे तक सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म पर #MainBhiElection Ambassador अभियान चलाया गया। अभियान अपनी शुरुआत के 15 मिनट बाद ही देश भर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर (X) पर टॉप-5 में ट्रेंड करने लगा जो की 2 घंटा पूरे होते ही देश में एक नंबर पर ट्रेंडिंग कर गया। देर रात यह अभियान ट्विटर पर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी समाचार कोटि में ट्रेंड करता रहा। अभियान के दौरान ट्विटर में 60 हजार से अधिक जागरूकता परक पोस्ट किए गए। वहीं फेसबुक तथा इंस्टाग्राम में पोस्टों की ये संख्या इससे कहीं बहुत अधिक रही। जबकि यूट्यूब पर इस हैश टैग के साथ दो घंटे में लगभग डेढ़ हजार लोगों ने वीडियो अपलोड किये।




हर आम और खास की रही सहभागिता

इस अभियान में निर्वाचन कार्य से जुड़े सरकारी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा राज्य के लाखों आम मतदाताओं की सहभागिता रही।

योजनाबद्ध तरीके से चलाया गया अभियान

देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा जारी किये गए उक्त हैशटैग पहल को बडा अभियान का रूप देने के उद्देश्य से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के. रवि कुमार ने उक्त सोशल मीडिया विशेष मुहिम की रूपरेखा पिछले हफ्ते बनाई थी। अभियान की योजना के क्रम में ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों, उप निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद राज्य के सभी सीबीएसई स्कूलों के प्राचार्यों, आईसीएसई विद्यालयों के प्राचार्यों तथा सरकारी स्कूलों के प्राचार्यों तक अपना संदेश पहुंचाया कि वे अपने बच्चों को इस हेतु प्रेरित करें कि अपने वे अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु इलेक्शन एंबेसडर की भूमिका निभाएं। माता पिता एवं अन्य वयस्क परिजनों को मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए बच्चों के द्वारा कई गतिविधियां करवाने का सुझाव भी दिया गया था, जिनमें बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों से अपील के रूप में पत्र लिखना भी शामिल था। इन सभी गतिविधियों से जुड़े फोटो, वीडियो तथा पेंटिंग आदि को सोशल मीडिया पर अभिभावकों द्वारा अपलोड करने के लिए भी अनुरोध किया गया था। इसके अलावा राज्य के सभी आम और खास लोगों से भी अनुरोध किया गया था कि वे मतदान हेतु सार्वजनिक अपील करते हुए अपने संबंधित फोटो, वीडियो को उक्त हैशटैग के साथ अपलोड करें। राज्य के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने भी विभिन्न गीत,संगीत, रंगोली आदि के माध्यम से लोगों के प्रेरित करते हुए अपनी गतिविधियों को सोशल मीडिया पर अपलोड किया।

पूरे राज्य भर के सभी मतदान केंद्रों पर इस अभियान के आरंभ होने के ठीक 1 घंटे पहले यानि 5:00 बजे शाम को बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठकें भी आयोजित की गई। कुल मिलाकर एक सुनियोजित प्रयास से उक्त 2 घंटे के कार्यक्रम ने पूरे राज्य भर में जागरूकता आंदोलन का रूप ले लिया था।

**सोशल मीडिया की मदद से सोशल अवेयरनेस लाने का प्रयास**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे राज्य में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं. सोशल मीडिया पर भी समय-समय पर किए जा रहे विभिन्न अभियान भी ऐसे ही प्रयासों का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में हर आयु वर्ग के लोग मौजूद हैं, इसलिए इस मीडिया की मदद से मतदान जागरूकता बढ़ाने के लिए एक सामूहिक सामाजिक प्रयास किया गया। उन्हें खुशी है कि सभी के सामूहिक प्रयास से यह अभियान देश ही नहीं पूरी दुनिया में ट्रेंड करने से चर्चा का विषय बना, उनका उद्देश्य भी यही था कि इससे व्यापक जागरूकता फैले।

अंत में उन्होंने अभियान में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारीयों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों को बधाई दी।

## सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं- के. रवि कुमार*




**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया। सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। उसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से 1 और गोड्डा से 2 लोगों ने नामांकन किया था। जबकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

अलग पहचान



# 1974 रेल हड़ताल के शहीदों की याद में श्रद्धांजलि सभा

**ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के अधिकारों के लिए**

**सतत संघर्ष करता रहेगा - मो ज़्याऊद्दीन**

**दिवंगत लोको पायलट पंकज कुमार सिंह को दी गई श्रद्धांजलि**









ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने बुधवार दोपहर को धनबाद शाखा वन में 1974 के ऐतिहासिक रेल हड़ताल के पचास वर्ष पूरा होने पर अमर शहीदों को लाल सलाम व श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। सभा का संचालन सहायक महामंत्री ओमप्रकाश ने किया। सभा की शुरुआत में सदस्यों ने 1974 के शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा एवं वर्किंग कमिटी मेंबर मो ज़्याऊद्दीन को नई दिल्ली में पिछले महीने आयोजित एआईआरएफ के 100 वें अधिवेशन में उनके पुनः निर्वाचित किए जाने पर पुष्पहार पहना कर तथा जोरदार नारों से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपनी बात रखते हुए जोनल सेक्रेटरी एआईआरएफ ओ पी शर्मा ने कहा कि 8 मई, 1974 को भारतीय रेलवे के 1.7 मिलियन कर्मचारियों ने औपचारिक रूप से हड़ताल शुरू की जो 20 दिनों तक चली। एआईआरएफ के तात्कालिक अध्यक्ष जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में, हड़ताल बुलाई गई। प्रमुख मांगों में न्यूनतम मज़दूरी, उत्पादकता आधारित बोनस, नौकरियों का स्थाईकरण, आठ घंटे की दैनिक कार्य सीमा निर्धारित करना, बढ़ती कीमतों के खिलाफ़ सुरक्षा के लिए मंहगाई भत्ता के अधिकार की माँग के लिए किया गया था। 1975 में इंदिरा गाँधी ने आंदोलन और जन आक्रोश को दबाने के लिए देश में आपातकाल लागू कर दिया जो 21 महीने तक चली। अंततः इंदिरा गाँधी ने 1977 में आपातकाल वापस लेकर आम चुनाव की घोषणा की। इस आम चुनाव में इंदिरा गांधी हार गईं, हड़ताल के नेतृत्व कर्ता केजॉर्ज फर्नांडिस जेल से जीत गए। और 1979 में चरण सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने रेलवे कर्मचारियों को बोनस देने के मांग स्वीकार कर लिया।

अपनी बात रखते हुए मो ज़्याऊद्दीन ने कहा कि वर्तमान में धनबाद मंडल प्रशासन मेहनतकश रेलकर्मियों के वाजिब मांगों के समाधान के प्रति उदासीन व्यवहार कर रहा है। सेक्शन में विभिन्न सुपरवाइजर स्वेच्छाचारी व्यवहार बरत रहे हैं और प्रशासन को इस बावत जानकारी देने के बाद उलटे अधीनस्थ कर्मचारियों को ही स्थानांतरित कर दिया जा रहा है। सारे महत्वपूर्ण मांगों को लेकर एक मांगपत्र मंडल रेल प्रबंधन को लिखित रूप से सौंपा गया है। अब यह देखना है कि मंडल प्रबंधन क्या पहल करता है। यदि निश्चित समयावधि में समाधान नहीं निकला तो ईसीआरकेयू संघर्ष का क्षेत्र बढ़ाते हुए आंदोलन को तेज करेगा। इस विषय पर केन्द्रीय अध्यक्ष डी के पाण्डेय और महामंत्री एस एन पी श्रीवास्तव के साथ साथ एआईआरएफ के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा को भी धनबाद लाकर प्रशासन को मांगों को समाधान करने के लिए दबाव बनाया जाएगा। ईसीआरकेयू रेलकर्मियों के अधिकारों के लिए लगातार

संघर्ष करता रहेगा। बैठक के समापन पर पिछले दिनों कोडरमा में रन ओवर हुए लोको पायलट पंकज कुमार सिंह के प्रति दु:ख व्यक्त करते हुए मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

यूनियन के मीडिया प्रभारी ने बताया कि इस बैठक में अपर महामंत्री मो ज़्याउद्दीन,सहायक महामंत्री ओम प्रकाश,केंद्रीय संगठन मंत्री सोमेंद्र दत्त और नेताजी सुभाष सहित बसंत दूबे,आर के सिंह,जे के साव,पी के सिन्हा,आई एम सिंह,एस चक्रवर्ती,सुबोध सिंह,मुकेश, सुदर्शन, अमरजीत,सी एस प्रसाद,सुजाता, रूचि,शिव जी प्रसाद,अशोक कुमार, आर एन विश्वकर्मा सहित कई रेलकर्मियों ने भाग लिया।

## उपायुक्त ने सीआरपीएफ के ठहारने के लिए चयनित विद्यालयों का किया निरीक्षण



पलामू। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने सीआरपीएफ को ठहारने के लिए चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैली झाडियों की साफ-सफाई करने पर बल दिया। वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि$2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली।

मॉडल बूथ बनाने के निर्देश

निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने चैनपुर के बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि$2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने के निर्देश दिये। विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने हेतु टेंट लगाने पर बल दिया।

## एनआइसी कक्ष में 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन

**सामान्य प्रेक्षक, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबु एवं निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में हुआ रेंडमाइजेशन**



**बोकारो:**पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबु एवं निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है।

मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास श्री ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार,कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी श्रीमती शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे।

उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी 25 मई 2024 को होना है। इसमें कुल 6860 मतदान कर्मियों (पुरूष मतदान कर्मी), 198 (महिला मतदान कर्मी) को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मी व रिजर्व कर्मी शामिल हैं।

# सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर एवं रिसिविंग - काउंटिंग सेंटर का किया निरीक्षण

====================

06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने लिया जायजा

====================

06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु ने समाहरणालय समीप ईवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

====================

07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक आनंद कुमार ने सूचना भवन स्थित एमसीएमसी कोषांग/मीडिया सेंटर का किया निरीक्षण

====================

06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव, संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) व नोडल पदाधिकारियों ने तैयारियों की दी जानकारी

====================





**बोकारो:** गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची* ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) का निरीक्षण किया। मौके पर 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ), संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल/नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

निरीक्षण क्रम में 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी/योजना के संबंध में निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में बताया। इससे पूर्व, उन्होंने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम - वीवीपैट/सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए अलग - अलग बनाएं गए पंडालों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को वाहन पार्किंग प्लान से भी अवगत करवाया।

सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया। इस दौरान मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे सामग्री पैकेट को देखा। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि मतदान कर्मियों के लिए तैयार हो रहे पाकेट में सफल मतदान संचालन को लेकर जरूरी सामग्रियों के साथ मेडिकल कीट, सुखा खाद्य सामग्री/पेय पदार्थ आदि भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पर दोनों प्रेक्षकों ने संतोष व्यक्त किया।

06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक ने डिस्पैच सेंटर में विधानसभावार स्थापित स्ट्रांग रूम का भी जायजा लिया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था/सीसीटीवी कैमरा आदि का जायजा लिया।

आगे, दोनों प्रेक्षक चास के बाजार समिति स्थित गोदाम (रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर) का निरीक्षण किया। निर्वाची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से रिसिविंग सेंटर (ईवीएम प्राप्त केंद्र) एवं काउंटिंग सेंटर (मतगणना केंद्र) के संबंध में बताया। भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता ने रिसिविंग सेंटर एवं काउंटिंग सेंटर को लेकर चल रहें कार्यों को ससमय पूरा कर लेने की बात कहीं। मौके पर पोस्टल बैलेट की मतगणना को लेकर चिन्हित भवन का भी प्रेक्षकों द्वारा जायजा लिया गया। इसके अलावा मीडिया सेंटर, निर्वाची पदाधिकारी कक्ष/प्रेक्षक कक्ष/राजनीटिक पार्टी प्रतिनिधि कक्ष आदि को लेकर चर्चा की और जरूरी दिशा - निर्देश दिया।

इस अवसर पर निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार,सामग्री कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीपीएलआर श्रीमती मेनका,सहायक निर्वाची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी,सहायक निर्वाची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास श्री ओम प्रकाश...

# जेबीकेएसएस समर्थित हजारीबाग लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने किया तूफानी दौरा

**बडकागांव में चलाया गया जनसंपर्क अभियान, लोगों का मिला भरपूर सहयोग**

**बदलाव की गाथा लिखने का वक्त आ गया है : संजय मेहता**

**हजारीबाग** लोकसभा क्षेत्र में पांचवे चरण का मतदान 20 मई 2024 को होना है। निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह और क्रम संख्या आबंटित कर दिया गया है। सभी प्रत्याशी अपने अपने जनसंपर्क अभियान में लग गए हैं। दावेदारी कर रहे प्रत्याशियों में हजारीबाग के बरही निवासी संजय कुमार मेहता ने अलग छाप छोड रखा है।

संजय जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में हैं। उनका चुनाव चिन्ह हेलमेट छाप है जो ईवीएम के क्रम संख्या 16 पर है। संजय स्थानीयता, विस्थापन, पुनर्वास सहित झारखंडी मुद्दों को लेकर जनता से समर्थन मांग रहे हैं। और लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों से मिल रहे हैं।



सोमवार और मंगलवार को उन्होंने लोकसभा क्षेत्र के बडकागांव विधानसभा अंतर्गत बडकागांव प्रखंड एवं केरेडारी प्रखंड में दर्जनों गांव पंचायत का दौरा कर लोगों से आशीर्वाद लिया। वो चट्टी बरियातु पंचायत पहुंचे और पगार गाँव में शहिद केसर महतो के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रधांजलि अर्पित किया। उसके बाद जन्होंने JBKSS/JLKM के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भी किया। आगे बढते हुए उन्होंने जोरदाग में आयोजित जागरण कार्यक्रम में शामिल हुए एवं सलगा पंचायत के सायल गाँव में जनसंवाद कर लोगों को संबोधित किया।

प्रत्याशी संजय कुमार मेहता ने कहा है कि हजारीबाग में बदलाव की गाथा लिखने का वक्त आ गया है। पहले से मौजूद जिन नेताओं और राजनीतिक दलों ने जनता को परेशान किया है। उसे अपने वोटों से जवाब देना है। आगामी 20 मई एकजुटता का परिचय देते हुए झारखंडियत के लिए मतदान करिए। उन्होंने क्रम संख्या 16 हेलमेट छाप पर बटन दबाने की अपील जनता से किया। जनसंपर्क दौरा में स्थानीय लोगों का खूब सहयोग मिला। संजय को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

जेबीकेएसएस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की हुई बैठक, चुनावी रणनीति पर की गई चर्चा

बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के जेबीकेएसएस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक हजारीबाग के जय प्रभा नगर स्थित ड्रीम वाटिका मैरिज पैलेस में की गई। इस बीच जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता भी सम्मिलित हुए और उपस्थित जनसमूह के समक्ष अपनी बातों को रखा।

संगठन के लोगों ने चुनाव को लेकर रणनीति बनाई एवं विचार विमर्श किया। बैठक में जेबीकेएसएस विधानसभा प्रभारी संजय महतो, बबलू कुशवाहा, सूरज साहू, उदय मेहता, सुनील कुशवाह, सुनीता साहू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लांट नं 0535 एवं 1272 लालगूटवा रातू रोड़ पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर हिनू चौंक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्य नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244605 | RNI,NO JHAHIN/2013/66670
E-mail id alagpahchan@gmail.com | web -www.alagpahchan.com

अलग पहचान



# बड़तल्ला निवासी महिला का अर्धनग्न शव संतवन बहियार से पुलिस ने किया बरामद, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**साहिबगंज:** मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला निवासी महिला रेणु देवी 32 वर्ष की निर्मम तरीके से हत्या करने के बाद उसका शव हाजीपुर दियारा के संतवन बहियार के मकई के खेत से मुफस्सिल थाना व बाखरपुर थाना के सहयोग से काफी खोजबीन करने के बाद अर्धनग्न अवस्था में बरामद किया है। उधर महिला के शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि महिला का किसी ने बेरहमी तरीके से निर्मम हत्या करने के बाद फेंक दिया है। उधर घटनास्थल पर पहुंचे बाखरपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम करने के लिए अपने साथ लेकर चली गई। वहीं मृतिका रेणु देवी की माँ सीता मोसमात व पुत्री स्वानी कुमारी ने बताया कि उसकी मां दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम लगभग दो वर्षों से किया करती थी। वही हाजीपुर दियारा के रहने वाले अरविंद पासवान जोकि वहां रहकर ट्रैक्टर चलाने का काम किया करता था। उधर मृतका महिला अपने बच्चों के साथ पिछले दिनों चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर दिल्ली से मिर्जाचौकी स्थित अपने मां के घर आई हुई थी। वही दिल्ली में रहकर ट्रैक्टर चलाने वाले अरविंद पासवान के साथ उसका पिछले कुछ समय से बातचीत व संपर्क में रहती थी जहां हाजीपुर दियारा के रहने वाले युवक भी अपने घर आया हुआ था। उधर मंगलवार को शाम के समय युवक ने फोन करके उसकी मां को हाजीपुर दियारा अपने घर बुलाया था जिसके बाद से ही मृतका महिला रेणु देवी अपने घर लौटकर नही आई। उधर जब मृतका महिला के परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरु की जिसके बाद बुधवार दोपहर के करीब थाना की पुलिस के सहयोग से उसका शव मकई के खेत से बरामद किया गया। वही इस घटना के बाद से ही हाजीपुर दियारा निवासी युवक अरविंद पासवान व उसके सभी परिजन अपने घर से फरार हैं। यहां आपको बता दें कि मृतका महिला रेणु देवी की शादी पहले पटना के रहने वाले विक्की मंडल नामक व्यक्ति के साथ हुआ था जिसने रेणु देवी को बहुत पहले ही छोड़ दिया था जिसके बाद महिला अकेली ही अपने तीनों बच्चों को साथ लेकर दिल्ली में मजदूरी किया करती थी। उधर मृतका महिला के परिजनों व बच्चों ने हाजीपुर दियारा निवासी युवक के ऊपर उसकी निर्मम तरीके से हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर मृतका महिला रेणु देवी अपने पीछे एक पुत्र विकास कुमार (8) वर्ष व दो पुत्री स्वानी कुमारी 12 वर्ष व शिवानी कुमारी 10 वर्ष को छोड़कर इस दुनिया से चल बसी है। उधर इस घटना के बाद से परिवार में मातम सा पसर गया है एवं सभी का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल बाखरपुर थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## लालबथानी सरपंच टोला में गर्भवती महिला के साथ 4 लोगों ने की मारपीट, महिला हुई घायल



**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी सरपंच टोला में गर्भवती महिला रेहाना खातून पिता आजाद अली के साथ वही के रहने वाले 4 लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। जहां इस मारपीट की घटना में घायल महिला अपने अन्य परिजनों के साथ इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंची जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा गर्भवती महिला का इलाज किया गया। वही इस मारपीट मामले को लेकर पीड़िता महिला ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन पत्र में पीड़िता महिला ने बताया कि गांव के ही रहने वाले नूर आलम पिता स्व. वाहेद अली, जियाउर रहमान, रबीउल एवं शमीम अख्तर सभी पिता नूर आलम ने उसके साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया है। फिलहाल मुफस्सिल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## खदान मालिक के द्वारा केनल की जमीन पर अतिक्रमण कर मिट्टी फेका



**कोटालपोखर:-** पाकुड़ जिले के पत्थर खदान संचालक मेसर्स पाकुड़ मिनेरल्स के द्वारा साहिबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में बने नहर यानि केनल परियोजना के पटाल पर अतिक्रमण कर खदान की मिट्टी को फेंक रहे हैं जिससे बरसात में वह मिट्टी केनल पर गिरेंगे, जिससे नहर यानि केनल मिट्टी से भर जाएगी। उधर सिंचाई विभाग द्वारा केनल के दोनों ओर भविष्य की जरूरत के लिए पटाल के दोनों ओर जमीन सुरक्षित रखी जाती है। जिस समय केनल बनती है उसी दौरान अधिग्रहित जमीन का मुआवजा भी दिया जाता है लेकिन मेसर्स पाकुड़ मिनेरल्स पत्थर खदान संचालक के द्वारा मनमाने तरीके से इस समय केनल पर मिट्टी फेंकने का कार्य किया जा रहा है जिस पर आला अधिकारियों की नजर अब तक नहीं गई है। अगर इस पर समय रहते इस मामले पर अंकुश नहीं लगाया गया तो केनल बहुत जल्द मिट्टी से भर जाएगी फिर सरकारी योजना का कोई मतलब नहीं रहेगा।

## वृद्धा आश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में प्राधिकार के सचिव सह वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने शहर के धोबी झरना के समीप स्थित स्नेह स्पर्श वृद्ध आश्रम में विधिक जागरूकता और वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राधिकार के सचिव ने वृद्धों को संबोधित करते हुए कहा की आप लोगों की सेवा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार सदा उपस्थित है। आगे उन्होंने कहा की किसी कारण से आप लोग अपने परिवार को छोड कर यहाँ निवास कर रहे हैं परन्तु कदापि यह भाव आप लोगों के मन में नहीं आना चाहिए, बल्कि यहाँ पर रह रहे सभी लोग आपके परिवार के सदस्य ही हैं। वही कहा कि मैं आपका ही बेटा हूँ व आप ही लोगों से हमारा अस्तित्व है। जहां उन्होंने आश्रम में निवास कर रहे सभी वृद्धों की समस्या जानी और उसके निराकरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करने की बात कही। वही उन्होंने कहा की सरकार द्वारा वृद्धों के लिए चलाई जा रही सभी योजना का लाभ दिलाया जायगा। वही उन्होंने वृद्धों का आयुष्मान कार्ड यहीं पर शिविर लगाकर बनवाने की बात कही। उधर उन्होंने वृद्धजनों को उनके अधिकारों एवं भरण पोषण के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने मौजूद पीएलवी को सभी वृद्धों की जानकारी एकत्रित कर विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया जिससे कि उनके बेहतर भविष्य के लिए कार्यवाही की जा सके। उक्त कार्यक्रम में मुख्य लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविंद गोयल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स कौंसिल ज्योति कुमारी, डीसीपीओ पूनम कुमारी, पैरा लीगल वालंटियर रेणुका कुमारी, शिला, दिलनवाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

## शादी की नियत से घर से भागी लड़की को बरहेट पुलिस ने किया बरामद, मेडिकल जांच के लिए लेकर आई सदर अस्पताल



**साहिबगंज:** बरहेट थाना क्षेत्र के एक गांव से पिछले दिनों शादी की नियत से घर से भागी लड़की को बरहेट पुलिस ने सकुशल बरामद करने के बाद बुधवार को उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां सदर अस्पताल में लड़की का मेडिकल जांच करवाने की प्रक्रिया में बरहेट पुलिस जुटी हुई थी। उधर सदर अस्पताल में लड़की का मेडिकल जांच करवाने के बाद पुलिस उसे अपने साथ आगे की कार्यवाही करने के लिए साथ लेकर चली गई। इसको लेकर लड़की के साथ आए पुलिसकर्मी ने बताया कि मामले को लेकर बरहेट थाना में कांड संख्या 49/24 दर्ज कराई गई है जिसके आलोक में लड़की का मेडिकल जांच कराया जा रहा है।

## फुटानी मोड़ से अवैध रास्ता हुआ बंद तो अब कोटालपोखर से शुरु हुआ अवैध परिचालन



**बरहरवा:-** बीते दिनों राजमहल एसडीएम के निर्देशानुसार बरहरवा अंचल क्षेत्र के फुटानी मोड चेकनाका के समीप अवैध परिचालन करने वाले माफियायों द्वारा जिला प्रशासन की आँखों में धूल झोंककर अवैध परिचालन कराने हेतु एक गुप्त रास्ता बनाया था। जानकारी के मुताबिक उक्त गुप्त रास्ता मंगल सोरेन के जमीन होते हुए बनाई गई थी जिसके माध्यम से छह चक्का वाहन व ट्रैक्टरों द्वारा अवैध बिना माईनिंग चालान के प. बंगाल पत्थरों की तस्करी की जा रही थी जिसकी सूचना राजमहल एसडीएम कपिल कुमार को मिलने पर उन्होंने औचक छापेमारी कर कई वाहनों को धर दबोचा था। इस बाबत बरहरवा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास को सूचित करने के बाद गुप्त रूप से बनाए गए अवैध सडक को ध्वस्त कर रास्ते को बन्द कर दिया गया है जो वर्तमान समय में बंद है, परंतु कहते है न चोर का चौरासी बुद्धि इसी सोंच के साथ अवैध परिचालन कराने वाले माफियायों द्वारा नए सिरे से कोटालपोखर थाना क्षेत्र से चोरी छुपे गुमानी, श्रीकुण्ड इत्यादि सडक होते हुए अवैध परिचालन किया जा रहा है जो वर्तमान समय में धडल्ले से जारी है। वही गुप्त सूत्रों के अनुसार रोजना 20 से 30 छह चक्का,16 चक्का व ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध परिचालन बिना माइनिंग चालान के माफियायों द्वारा परिचालन शुरू कर दी गई है। इस मामले पर कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान व बरहरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा व बरहरवा प्रभारी अंचलाधिकारी सन्नी कुमार दास ने छापेमारी कर कई वाहनों को जब्त कर कार्यवाही भी की है बावजूद इसके यह सिलसिला वर्तमान समय में जारी रखी जा रही है। उधर जगह जगह मोटरसाइकिल के माध्यम से पुलिस व पदाधिकारियों की रेकी भी की जा रही है और चकमा देकर ऐसे वाहनों को पास कराया जा रहा है। ज्ञात हो कि कोटालपोखर थाना क्षेत्र में पदाधिकारियों की रेकी व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से की जा रही थी जिसको लेकर पुलिस ने पांच ग्रुप एडमिन पर प्राथमिकी भी दर्ज की थी परन्तु अब तक किसी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ऐसे में पुनः स्थानीय माफियाओं द्वारा अवैध परिचालन का सिलसिला जारी कर दी गई है और वो भी उसी पैटर्न के साथ रेकी भी की जा रही है। जहाँ चुनावी माहौल में पदाधिकारीगण चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पूर्ण कराने को लेकर लगातार कार्य में व्यस्त है। वहीं अवैध परिचालन कराने वाले माफियायों द्वारा अपने मनसूबे को सफल बनाया जा रहा है जहां ऐसे मामलों में जिला प्रशासन को इस पर कडा रुख अपनाने की जरुरत है।

## निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों के संग्रह स्थल का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



**साहिबगंज:** लोकसभा आम चुनाव 2024 के नामांकन प्रक्रिया उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने वाहन कोषांग कार्यो की समीक्षा कर पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतु पुलिस लाईन मैदान में बन रहे वाहन संग्रह स्थल का निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगरनाथ स्वर्णकार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप, मोटर यान निरीक्षक, विजय गौतम उपस्थित थे।

## घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत

**दैनिक उज्जवल दुनिया पतना**



**बरहरवा:** बरहरवा से हिरणपुर तक पीडब्लूडी योजना अंतर्गत बनने वाली सड़क में घोर अनियमितता बरती गई है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने हिंदी दैनिक अखबार उज्जवल दुनिया के संवाददाता के सामने अपनी परेशनियों को रखा। इसको लेकर महबतपुर के ग्रामीणों ने अखबार के संवाददाता के माध्यम से घटिया सड़क निर्माण के उच्च स्तरीय मांग की सिफारिश की। वही ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में अलकतरा की जगह पानी छिड़का जा रहा है और सही से रोलिंग भी नहीं की गई है। जहां हल्की बारिश में ही सड़क का ऊपरी सतह उखाड़ना शुरू हो गया है। उधर अखबार के माध्यम से एग्जीक्यूटिव को फोन किया गया जहां मौके पर एग्जीक्यूटिव आए तथा उन्होंने ग्रामीणों की परेशानियों को सुना तथा आश्वासन दिया कि मामले पर पूरी तरह से जांच पड़ताल की जाएगी तथा जो भी दोषी होंगे उनको बख्शा नहीं जाएगा।

## बिना माइनिंग चालान एवं ओवरलोडिंग पांच वाहन धराया

**मंडरो:** मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार ने मंगलवार देर रात अवैध परिवहन के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए बिना माइनिंग चालान एवं ओवरलोडिंग कुल पांच वाहन को सीज कर कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग को पत्राचार किया है। बताते चले की उक्त कार्रवाई को लेकर पत्थर माफियाओं के साथ साथ बिना माइनिंग चालान के लोडिंग देने वाले क्रशर मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर अवैध परिवहन के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इसको लेकर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी ने मीडिया को बताया कि अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगा और बिना माइनिंग चालान के वाहन परिचालन करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्यवाही होगी।

## वन कर्मियों पर हमला करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे: डीएफओ

**वन विभाग व पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, मामला वनकर्मी के साथ मारपीट का**



**तीनपहाड:** थाना क्षेत्र के चतराडीह गांव में पिछले दिनों पतौडा झील से मछली मारने से रोकने पर वनरक्षी के साथ हुई मारपीट मामले में बुधवार को वन विभाग व पुलिस विभाग ने डीएफओ मनीष तिवारी के नेतृत्व में गांव में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान डीएफओ ने पूरे गांव में माइकिंग कर लोगों को जागरूक किया। जहां उन्होंने कहा कि पतौडा झील में मछली या किसी पक्षी का शिकार पूरी तरह प्रतिबंधित है ऐसा करने वालों व उन्हें समर्थन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं डीएफओ ने कहा कि किसी भी वन कर्मी के साथ मारपीट करने, गाली गलौज करने वाले व उन्हें बंधक बनाने वालों को हर हाल में जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

## कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**साहिबगंज:** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड के अंजुमन नगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप एवं स्किल सेल एनीमिया की जांच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कुमार, सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी बाबू, डॉ. तबरेज आलम, डॉ. श्रीजा कृष्णा, डॉ. सुमांत सिन्हा, डॉ. राजेश, डीपीएम हीना बर्नवाल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्राचार्या एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# रविंद्रनाथ टैगोर की मनाई गई 164 वीं जयंती समारोह



**साहिबगंज:** विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 164 वीं जयंती समारोह बुधवार को रेलवे स्टेशन परिसर के निकट रेलवे यूनियन कार्यालय में मनाई गई। जहां विश्व कवि की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं आए हुए सभी लोगों की उपस्थिति में माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उधर मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे के एईएन बेदव्यास ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर सार्जेंट संजय कुमार, स्टेशन मास्टर राजहंस पाठक, डॉ. ए. एन. चक्रवर्ती, डॉ. देबव्रत, सुधीर श्रीवास्तव, अनुराग सिंह, चंदना साहा, रमेश राम, जयप्रकाश वर्मा और डॉ. रंजीत कुमार सिंह अध्यक्ष टेगोर विचार मंच और संपादक हिमांशु शेखर गुहा व अन्य ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर एईएन वेद व्यास ने कहा कि वे कई वर्षों तक शांति निकेतन में रहे हैं और रवींद्रनाथ टैगोर के बारे में जितना भी कहूं कम है। वही विशिष्ट अतिथि संजय कुमार ने कहा कि वो एक हास्य कवि हूं, ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना एक सौभाग्य जैसा है। इस दौरान उन्होंने कविता की कुछ पंक्तियों से सभी को हंसाने की कोशिश करते रहें। उधर जगन्मय मिश्र ने रवीन्द्रनाथ की तुलना समुद्र से की और उनके बारे में कुछ शब्द बोले और 'यदि कोई तुम्हारी पुकार न सुने..' (यदि तोर डाक शुने केउ ना आसे..) गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही संपादक हिमांशु शेखर गुहा ने रवीन्द्रनाथ के नाइटहुड त्याग, लंदन यात्रा, गीतांजलि, नोबेल पुरस्कार आदि पर संक्षिप्त भाषणों के माध्यम से सभी भाषा भाषियों को उनकी विभिन्न भाषाओं में लिखी कविताओं, गीतों, उपन्यासों को जानने और पढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। उधर टैगोर विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अपने भाषण में कहा कि हमें विश्व प्रसिद्ध लेखक, दार्शनिक, नोबेल पुरस्कार विजेता के रास्ते पर चलना चाहिए। हमें उनके सभी लेखों से प्रेरणा मिलती है। आगे उन्होंने रवींद्रनाथ के प्रकृति प्रेम का जिक्र करते हुए युवाओं से इस शुभ दिन पर दो पेड़ लगाकर उन्हें याद करने का आग्रह किया। वही अनुराग सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए समारोह का समापन किया। उधर समारोह के बाद शहर के सबसे पुराने और मशहूर पूर्व रेलवे हाई स्कूल में दो पौधे लगाए गए।

अलग पहचान



# सीएए को राहुल की नानी भी नहीं हटा सकतीं', अमित शाह बोले-वोट बैंक के लिए जिन्ना को महान बताते हैं अखिलेश



**लखनऊ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को हरदोई, लखीमपुर व कन्नौज की जनसभाओं में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। लखीमपुर में शाह ने कहा कि कांग्रेस तो नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की विरोधी है, कहती है वह सत्ता में आई तो इसे खत्म करेगी। सीएए को राहुल क्या उनकी नानी भी नहीं हटा सकतीं।

भाजपा प्रत्याशी अजय कुमार मिश्र टेनी के लिए समर्थन में हुई जनसभा में शाह ने कहा कि अगर कहीं गलती से भी सपा या कांग्रेस आ गई तो राम मंदिर पर बाबरी ताला डलवा दिया जाएगा। जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी है चाहे वो कर्नाटक हो या फिर आंध्र प्रदेश, वहां पिछड़ा वर्ग के पांच फीसदी आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को दे दिया गया है।

उन्होंने हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जय प्रकाश व मिश्रिख से अशोक रावत और कन्नौज में सुब्रत पाठक के समर्थन में चुनावी सभा की। हरदोई में गृह मंत्री ने अखिलेश को वर्ष 2021 के बयान को लेकर घेरा, जब सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण करने आए हरदोई आए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मोहम्मद अली जिन्ना को महान नेता बताया था।

शाह ने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए जो जिन्ना को महान नेता कहता हो, उसे क्या वोट देना चाहिए। अखिलेश यादव ढंग से इतिहास पढ़ो। भारत माता के दो टुकड़े करने वाले और कोई नहीं, बल्कि आप जिन्हें महान नेता बता रहे हो वही मोहम्मद अली जिन्ना थे।शाह ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर का जिक्र कर सपा और कांग्रेस को तुष्टीकरण की राजनीति करने वाला बताया। कहा कि वोट बैंक की खातिर राहुल गांधी और अखिलेश यादव मंदिर नहीं गए.. वह उस वोट बैंक से डरते हों, हम नहीं डरते'। अमित शाह कहा कि जब मैं लोकसभा में अनुच्छेद 370 हटाने की घोषणा कर रहा था, तब राहुल व अखिलेश ने विरोध किया और कहा कि खून की नदियां बह जाएंगी। पांच वर्ष हो गए, कहीं कंकड़ भी नहीं फेंका गया। कन्नौज में अमित शाह ने सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के समर्थन में जनसभा की। शाह ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सपा मुखिया अखिलेश के नहीं पहुंचने पर कहा कि वोट बैंक के डर से वह अयोध्या नहीं गए। वह नहीं बताएंगे कि उनका वोट बैंक कौन है, पर हम बताते हैं कि आप हमारा वोट बैंक हो। सपा-कांग्रेस, बसपा ने वर्षों धोखे में रखा। मोदी ने दो साल में ही जय श्रीराम कर दिया। उनका इशारा राम मंदिर निर्माण की ओर था।

सपा महासचिव रामगोपाल के राम मंदिर का वास्तु ठीक नहीं होने के बयान पर कहा कि दोनों शहजादे आ गए तो राम मंदिर में बाबरी ताला लगा देंगे। ये पाकिस्तान के मददगार हैं। इसलिए वहां इनका गुणगान होता है। मुलायम परिवार के पांच सदस्यों के चुनाव लड़ने पर कटाक्ष किया कि इनके और बच्चे नहीं हैं, वर्ना 80 सीटों पर चुनाव लड़ रहे होते।

## एएसपी ने दिए लंबित विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के निर्देश



**संवाददाता मनोज कलीना**

**बिनौली।** एएसपी एनपी सिंह ने मंगलवार देर रात बिनौली थाने में पहुंचकर अर्दली रूम किया। जिसमें उन्होंने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के सख्त निर्देश दिए।

इस दौरान एएसपी एनपी सिंह ने कार्यालय, बंदीगृह, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना आदि का निरीक्षण किया। अपराध रजिस्टर, जीडी, शिकायत रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। वहीं लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण के पुलिसकर्मियों को निर्देश भी दिए। इसके साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक ने थानाप्रभारी इंस्पेक्टर एमपी सिंह को रात्रि गश्त तेज करने तथा अपराधियों पर नकेल कसने के भी निर्देश दिए। इस दौरान इंस्पेक्टर (अपराध) ओमप्रकाश सिंह, एसआई दिव्य चौधरी, विजय सिंह, धीरज सिंह, सुभाष यादव आदि मौजूद रहे।

## नयी पीढ़ी को चरित्र निर्माण व उत्तम स्वास्थ्य हेतु आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा आवासीय शिविर 8 व 13 जून से

••जिला मंत्री रवि शास्त्री ने शुरू किया उद्बोधन व शिविर में शामिल होने का आह्वान

**ब्यूरो डॉ योगेश कौशिक**

**छपरौली।जिला** आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा नयी पीढ़ी को संस्कार, स्वास्थ्य और चरित्र निर्माण के लिए पांच दिवसीय शिविर 8 व 13 जून से बडौत में।किशोर एवं किशोरियों के लिए अलग अलग होंगे शिविर। बालिकाओं के लिए 13 जून से शिविर लगाए जाने की तैयारी। जनपद बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने जून माह में लगने वाले योग एवं चरित्र निर्माण हेतु आवासीय शिविर के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करते हुए नांगल के मॉडर्न एजुकेशन एकेडमी में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, शिक्षा और संस्कार से प्राप्त



संगठित शक्ति से ही परिवार की एकता और वास्तविक विकास होता है।व्यक्ति जो भी कुछ करता है, वह सुख प्राप्ति व दुख निवृत्ति के लिए करता है ,इसके लिए विकास करना आवश्यक है। इसलिए विकास करते हुए सुख प्राप्ति हो सके ,इसका आधार संगठन ही है। इस दौरान क्षेत्र के आर्यन पब्लिक स्कूल ककोर , आदर्श वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज नगला सिनोली, एम एजुकेशन पब्लिक स्कूल छपरौली, विजडम पब्लिक स्कूल, जनविजय इंटर कॉलेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय आदि में जनसंपर्क किया गया।इस अवसर पर प्रबंधक मोहन कुमार, योगेंद्र सरोहा , डॉ नीलम तोमर, जितेंद्र आर्य, हरेंद्र आर्य, सुनील आर्य, डॉ राम सिंह, विपिन राणाआदि उपस्थित रहे।

बताया कि, बडौत नगर के चौ केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले दोनों आवासीय शिविरों के माध्यम से नयी पीढ़ी को निराशा और अंधकार से निकलने तथा चरित्र, स्वास्थ्य और संस्कार को प्रगति का मूल आधार बताते हुए स्वयं को गौरवान्वित करने की राह बताई जाएगी। आर्यवीर शिविरों के लिए आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र पाल वर्मा, जिलाध्यक्ष सुशील राणा , कपिल आर्य आदि भी शिविरों की सफलता के लिए नई पीढ़ी से बहुत उम्मीद लगाए हैं।

## •••और अब प्राथमिक विद्यालय भी पब्लिक स्कूलों की राह पर, शुरू हुआ सात दिवसीय समर कैंप, बच्चों व अभिभावकों ने सराहा

**संवाददाता मनोज कलीना**



**बिनौली।** प्राथमिक विद्यालय बिनौली नं 1 में बुधवार को सात दिवसीय समर कैंप शुरू हुआ, जिसमे बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेते हुए चरित्र,स्वास्थ्य और सौहार्द की शिक्षा खेल खेल में पायी।

शिविर के प्रारंभ में प्रधानाध्यापिका कविता सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तथा बताया कि बच्चों की प्रतिभा निखारने एवं नामांकन में वृद्धि हेतु समर कैंप के आयोजन की यह पहल की गई है, जिससे बच्चों को नए अवसर तलाशने, नए वातावरण में समय बिताने और नई चीजों को आजमाने का भी मौका मिलेगा। कहा कि, बच्चों के भीतर आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को विकसित करने का सबसे अच्छा तरीका है समर कैंप।

इस दौरान ग्रुप बनाकर गतिविधियां कराई गई। बच्चों की सुलेख व डांस प्रतियोगिता हुई, जिसमें कक्षा पांच की संध्या प्रथम, अंशिका द्वितीय व साक्षी तृतीय रही। कक्षा चार से देवी प्रथम, अनन्या द्वितीय व आरती तृतीय रही। कक्षा तीन से पारस प्रथम, इकरा व बतूल द्वितीय व करुणा तृतीय रही। आयोजन में प्रधानाध्यापिका कविता सिंह, रेनू पंवार, विनय कुमार, मीनू, ममता, रचना, संगीता, दिव्या आदि का सहयोग रहा।

# किसी को जीवन दान देने की श्रेणी में आता है रक्तदान :डॉ एसके चौधरी

••रक्तदान से नहीं आती शारीरिक कमजोरी ,टाटा मोटर्स के 13 रक्त वीरों के अनुभव उत्साहवर्धक: अभिमन्यु गुप्ता

••रेड क्रॉस दिवस पर नेत्र रोगियों को किए फल वितरित

**संवाददाता नीतीश कौशिक**

**बागपत।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के मौके पर जिला रेड क्रॉस समिति एवं लायंस क्लब अग्रवाल मंडी मंडल 321 सी -1 के संयुक्त तत्वाधान में लगाया गया रक्तदान शिविर।

दिल्ली रोड पर काठा के पास स्थित टाटा मोटर्स में जिला संयुक्त अस्पताल के रक्त बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन अधीक्षक डॉ एसके चौधरी डॉ ऐश्वर्या चौधरी ने फीता काटकर किया। शिविर के मुख्य संयोजक व जिला रेड



क्रॉस समिति के सचिव एमजेएफ ला अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि, शिविर में टाटा मोटर्स के डायरेक्टर नीरज कपूर के आह्वान पर 20 कर्मचारियों ने रक्तदान के लिए अपने को प्रस्तुत किया जिनमें से 13 व्यक्ति रक्तदान के लिए उपयुक्त पाए गए । सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट एवं उपहार प्रदान किए गए ।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एमएम भदोरिया ने कहा कि, सभी गर्मी के मौसम में लू से बचाव करें , सिर पर कपड़ा रखकर निकलें, अधिक से अधिक नींबू पानी का प्रयोग करें। डॉ ऐश्वर्या चौधरी ने कहा, रक्तदान करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती। जिला कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि,आज के दिन रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी डोनेट का जन्म हुआ था इसलिए यह दिन रेड क्रॉस दिवस के रूप में पूरी दुनिया में मनाया जाता है।


जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने जिलावासियों को रेडक्रॉस दिवस की बधाई दी और सेवा कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। शिविर को सफल बनाने में केएल भारती, श्रीमती प्रीति वर्मा, योगेश, अमित ने सहयोग किया। दूसरी ओर रेड क्रॉस दिवस पर लायंस नेत्र चिकित्सा केंद्र अग्रवाल मंडी टटीरी में नेत्र रोगियों को फल वितरित किए गए।

# एसडीएम ने निकाली दबंग की हेंकडी, पीड़ित किसानों की फोन पर सुनी समस्या और खेत की नाली कराई कब्जा मुक्त

**संवाददाता आशीष चंद्रमौलि**

**बड़ौत।** फोन पर मिली सूचना के बाद एक्शन में आए एसडीएम ने दबंग किसान से खेत की नाली को कराया कब्जा मुक्त। चकरोड भी शीघ्र कब्जा मुक्त कराने का दिया आश्वासन।

सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के तेड़ा गांव में एक दबंग किसान ने सरकारी नाली पर कब्जा कर अपने खेत में मिला लिया, जिससे किसानों को बडी समस्या का सामना करना पड़ रहा था। किसानों की शिकायत पर एसडीएम ने तुरंत कुछ ही घंटो में नाली को कब्जामुक्त



कराकर किसानों को बडी राहत दी।

बता दें कि, तेडा गांव के आर्य विद्यालय इंटर कॉलेज से कुछ ही दूरी पर एक दबंग किसान ने करीब सौ मीटर सरकारी चकरोड का कुछ हिस्सा व सरकारी नाली को ध्वस्त कर अपने खेत में मिला लिया था और उसने गन्ने की फसल की बुवाई भी कर दी थी। कुछ किसानों ने इसका विरोध भी किया था,लेकिन उसने नाली को कब्जामुक्त नहीं किया। बाद में कुछ किसानों ने उपजिलाधिकारी अमरचंद वर्मा को फोन पर इसकी सूचना दी और समस्या का निराकरण कराने का निवेदन किया था। फोन पर मिली जानकारी के बाद एसडीएम ने भी शिकायत को तुरंत गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई को अमली जामा पहनाते हुए अधीनस्थ कर्मचारियों को मौके पर भेजा। दूसरी ओर एसडीएम अमरचन्द वर्मा के निर्देश पर लेखपाल संजय कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने तुरंत ही मौके पर पहुंचकर सरकारी नाली का कुछ हिस्सा किसान से कब्जा मुक्त कराया व बाकी नाली को भी बहुत जल्द ही कब्जामुक्त करने का आश्वासन लेखपाल संजय कुमार को दिया।

एसडीएम बडौत की इस कार्रवाई से गांव के किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई और अमरचंद वर्मा की भूरि भूरि प्रशंसा की जा रही। गांव के किसानों का कहना है कि, अगर सभी सरकारी अधिकारी अमरचंद वर्मा की तरह हों तो क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। इस संबंध में जब उप जिलाधिकारी अमरचंद वर्मा से बातचीत की गई ,तो उन्होंने कहा कि, क्षेत्र में अगर किसी प्रकार की कोई समस्या हो ,तो उनको तुरंत फोन से भी अवगत कराया जा सकता है, वे जन समस्या का तुरंत निवारण कराने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि, जल्द ही शेष चकरोड़ व नाली को भी पूर्ण रूप से कब्जामुक्त करायेंगे।

## कबूतरबाजी की प्रतियोगिता के नामपर हो रही थी सट्टेबाजी, 6 गिरफ्तार

**संवाददाता संजीव शर्मा**

**बालैनी।** क्षेत्र के दत्तनगर गाँव में कबूतरों पर सट्टा लगा रहे लोगो पर पुलिस ने की छापेमारी। मौके से 6 लोगो को लिया हिरासत में ।दर्जनों सट्टेबाज मौके से भाग जाने में हुए सफल। बताया तो यह भी जा रहा है कि, पुलिस द्वारा अभियुक्तों पकडे जाने के दौरान सट्टेबाजो ने पुलिस से की हाथापाई भी ।

क्षेत्र के दत्तनगर गाँव में बुधवार को दर्जनों लोग कबूतर उडाकर उनपर सट्टा लगा रहे थे । बताया गया कि, इसकी तैयारी भी काफी दिनों से चल रही थी और कबूतरो की प्रतियोगिता के पम्पलेट छपवाकर उसे आसपास



के क्षेत्रों में बांटा भी गया था ,जिसके चलते आज कबूतरों पर सट्टा लगाने के लिये आसपास के दर्जनों सट्टेबाज आये हुए थे। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी, जिसपर पुलिस के वहां पहुँचते ही हडकंप मच गया और सट्टेबाज मौके से भागने लगे। पुलिस ने मौके से 6 लोगो को हिरासत में लिया, जबकि दर्जनों मौके से भाग खड़े हुए।

बताया जा रहा है कि, इस दौरान सट्टेबाजों की पुलिस से हाथापाई भी हुई है। मौके पर पकडे गए विकास निवासी निवाडी, नितिन और अमरीश निवासी दत्तनगर,बबलु निवासी परतापुर, सोनू निवासी हरियाणा और वाहिद निवासी खिवाई के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया । पुलिस ने सट्टेबाजों के पास से 8 हजार रुपये नकद और 2 कबूतर बरामद किए हैं। थाना प्रभारी साक्षी सिंह का कहना है कि, क्षेत्र में सट्टेबाजी की सूचना पर पुलिस पर गई थी।पुलिस के साथ हाथापाई की बात गलत है ,जबकि कुछ सट्टेबाजो ने मौके से भागने का प्रयास किया था।

## पिकअप का टायर बदल रहे चालक को जुगाड ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

**संवाददाता सीआर यादव**

**अमीनगर सराय।** मेरठ -बागपत हाईवे पर सिंघावली अहीर पुलिया से पहले पिकअप गाड़ी का टायर बदल रहे चालक को पीछे से जुगाड ने टक्कर मार दी। चालक की मौके पर मौत हो गई जबकि जुगाड चालक अपने जुगाड को लेकर भाग निकला। बाद में ग्रामीणों ने जुगाड चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर बागपत मोर्चरी भिजवाया।





बता दें कि, बुधवार की शाम करीब छः बजे सिंघावली अहीर पुलिया से पहले पिकअप गाड़ी में पंचर हो गया।चालक संजय निवासी पानीपत टायर बदलने के लिए पीछे रखी स्टेपनी को खोल रह था कि तभी बागपत की ओर से आ रहे जुगाड ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे चालक संजय दोनों गाड़ियों के बीच में बुरी तरह दब गया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई ।आस पास के लोगो ने थानापुलिस को घटना की सूचना दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को बागपत मोर्चरी भेजा। वही जुगाड चालक मौके से फरार हो गया था, लेकिन ग्रामीणों ने जुगाड चालक का पीछा किया और पकडते हुए थाना पुलिस को सौंप दिया। पकड़ा गया चालक खजान पुत्र फिरोज निवासी रोशनगढ़ है। थाना प्रभारी एमएस गिल ने बताया कि, पानीपत निवासी संजय, पानीपत से तार भरवाकर मेरठ जा रहा था, जिसकी सड़क हादसे में मौत हो गई है। जुगाड चालक पकड़ लिया गाय है, गाड़ी मालिक को खबर कर दी गई है।



**मथुरा।** यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा डोली शर्मा द्वारा कालेज टाप करने पर सम्मानित किया गया। दूसरी ओर अपनी सफलता का श्रेय माँ दया रानी व पिता लोकेश मिश्रा सहित शिक्षिकाओं को देते हुए डोली ने कहा कि, नियमित अध्ययन और गुरुओं के निर्देशन में मनोवांछित सफलता प्राप्त की जा सकती है।

बता दें कि, डोली शर्मा ने गृहकार्य में हाथ बंटाने के साथ ही नियमित अध्ययन, पूजा पाठ के अलावा आज्ञा पालन में भी सदैव अग्रणी रहते हुए कालेज टाप करने पर सम्मानित किया गया।

यूपी कॉलेज टॉपर डॉली शर्मा ने सफलता के झंडे गाड़ते हुए यूपी बोर्ड की 12 वीं की परीक्षा में 80.2% नंबर हासिल किया है....डॉली जहां इस सफलता का श्रेय अपनी जीतोड़ मेहनत और माता-पिता के आशीर्वाद को दे रही हैं....वहीं उनके परिवार में बेहद खुशी का माहौल है.....